


# 3-वे कॉर्डिंग फुट

इस ट्यूटोरियल में आप उषा 3-वे कॉर्डिंग फूट का उपयोग करना सीखेंगे।







इसके नाम के अनुसार, इस फुट से आप एकसाथ तीन फ़ाईन कॉर्ड को या तो सीधी रेखा पर या तो सुशोभित अटपटी डिजाइनों को फॉलो करते हुए सील सकते है।


सबसे पहले इस ट्यूटोरियल के लिए आवश्यक सभी समान इकट्ठा करें! आपको चाहिए होगा: उषा जेनोम कॉर्डिंग फुट - कॉर्ड समान रंग की या विभिन्न रंग की भी चल सकती है, सिलाई के लिए धागा - यह भी एक ही रंग के चल सकते है या, अगर आप कंट्रास्ट लुक चाहते हैं तो अलग रंग का उपयोग करें, और है सबसे अंत में लेकीन महत्वपूर्ण है कपड़े का एक टुकड़ा जिस पर आप अपना पहला कोर्डिंग करेंगे। कॉर्ड को कपड़े की 4 गुना लंबाई के खिलाफ मापे और काटें। कॉर्ड की अन्य दो लंबाई के लिए भी ऐसा करें। जैसा कि आप देख सकते हैं कि इस ट्यूटोरियल के हम लिए दो पीले कॉर्ड और एक हरे रंग के कॉर्ड का उपयोग कर रहे हैं।

वैसे - आपको 3-वे कोर्डिंग फ़ुट का उपयोग करने के लिए हमेशा 3 कॉड्र्स का उपयोग करने की ज़रूरत नहीं है - आप अपनी इच्छित इफेक्ट के आधार पर एक साथ एक या दो या तीन कॉड्र्स का उपयोग कर सकते हैं।लीवर का उपयोग करके नार्मल प्रेसर फुट को रिलीज़ करे और फिर 3-वे कॉर्डिंग फुट को जोड़े।










मैं जिस तरह से क्लिप के निचे पहला कॉर्ड पसार करती हूँ और कैसे उसे पहले खांचे के नीचे शामिल करती हूँ वैसे करे। आपको इसे खांचे में ले जाने के लिए एक सौम्य झटका देने की आवश्यकता पड सकती है... दूसरे और तीसरे कॉर्ड को दूसरे और तीसरे खांचे में रखने के लिए इसको दोहराएं। देखें कि आपके पास तीनों कोड्र्स एक समान लंबाई के है, फुट से आगे लगभग दो इंच... इस तरह। अब यह फुट उपयोग करने के लिए तैयार है... लेकिन इससे पहले कि सिलना शुरू करे - अपनी मशीन को सेट करें - पैटर्न सिलेक्टर डायल को D स्टीच चुने और स्टीच लेंथ 2 रखे। उसके बाद कोर्डिंग फुट के नीचे कपड़े का टुकड़ा रखे और फुट को नीचे करे। क्या इस सिलने के लिए आप बेसब्र हो रहे है? तो अब वक्त है सिलाई शुरू करने का!

एक बार जब आप दूसरे छोर पर पहुंच जाए, तो थोड़े से अतिरिक्त कॉर्ड को छोड़ दें और बाकी को काट लें।

यह था बेसिक कोर्डिंग - अब आपकी कोर्डिंग पैटर्न को अधिक महत्त्व प्रदान करने के लिए उपयोग हो सके ऐसे विभिन्न स्टीच को एक्सप्लोर करना शुरू कर सकते हैं। चलो अब एक और आजमाते हैं...

डायल को स्ट्रेच स्टिच या SS मार्किंग पर मोड़ें और स्टीच D चुने। कॉर्डिंग किसी भी चीज़ में एक डिजाइन एलिमेंट के रूप में जबरदस्त 3-D इफेक्ट दे सकता है - नैपकिन से लेकर कुशन कवर तक और परिधान तक - अगर इसे उचित तरीके से इस्तेमाल किया zतो यह काफी प्रशंसनीय टेक्स्चर जोड़ता है। उम्मीद है कि आपको यह ट्यूटोरियल पसंद आया होगा - अब जाइए और आपके पास जितने भी प्लैन कपडे है उसे ले और उन्हें सुशोभित करे... यदि आपको अपने कपड़े को वैसे ही प्राचीन ढंग के और मोनोटोन रखना पसंद हो - तो उन्हें उसी रंग के कॉर्ड के साथ अधिक भड़कीला बनाने से अधिक बेहतर कुछ भी नहीं हो सकता - उसका लालित्य मूर्तिमंत हो जाएगा। और कलाकारी जिनके दिलो में है वह उस सुन्दर रंगो और बोल्ड कंट्रास्ट से अपनी खुद की कलाकृति की रचना करे।अपने कपड़े को फुट के नीचे रखें और पहले की तरह सिलाई करना शुरू करें, लेकिन अब एक अलग स्टीच के साथ। एक बार हो जाने के बाद, विस्तारित कॉड्र्स के अतिरिक्त छोर को काट लें। वक्त है मजे करने का... हैप्पी कोर्डिंग!